## खबर संक्षेप



### आरक्षण रोस्टर 2019 को ख़त्म करने की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी,जिला सतना के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रावेंद्र सिह ने को राधा सिह राज्य मंत्री मध्यप्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपकर ओबीसी आरक्षण रोस्टर वर्ष 2019 को ख़त्मकरने मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विभिन्न शासकीय विभागों में नियुक्तियों एवं भर्तियों के दौरान आरक्षण नियमों का समुचित पालन नहीं हो रहा है,जिससे के अभ्यर्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रावेंद्र सिह ने मंत्री को अवगत कराया कि आरक्षण रोस्टर 2019 के अनुसार आरक्षण का लाभ जो मिलना था आज वह नहीं मिल पा रहा है स्पष्ट निर्धारणकर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए,ताकि पात्र अभ्यर्थियों को उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके।उन्होंने मांग की कि जिन विभागों में रोस्टर 2019 लागू किया है उसे जल्द से जल्द निरस्त करना की माग की है तत्काल समीक्षा कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर मंत्री जी ने रावेंद्र सिह को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उठाए गए बिदुओं पर संबंधित विभागों से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### कोठी में आपसी रंजिश के चलते सैलून में लगाई आग, सीसीटीवी में कैद हुई आरोपी की करतूत

**सतना।** जिले के कोठी कस्बे के मुख्य बाजार में शुक्रवार की देर रात आपसी विवाद ने भयानक रूप ले लिया। एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते एक सैलून की दुकान पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया। गनीमत रही कि घटना के वक्त दुकान बंद थी,जिससे कोई जनहानि नहीं हुई,लेकिन दुकान का कीमती सामान जलकर राख हो गया।जानकारी के मुताबिक,सैलून संचालक संदीप कुमार सेन शुक्रवार रात करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर जा चुके थे। रात लगभग 11 बजे उन्हें अचानक दुकान में आग लगने की सूचना मिली। स्थानीय निवासियों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया,जिससे बाजार की अन्य दुकानें सुरक्षित बच गईं। हालांकि,आग की चपेट में आने से सैलून के भीतर रखी कुर्सियां,कालीन और अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गए।घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,तो चौंकाने वाला सच सामने आया। फुटेज में दिखा आरोपी पास में ही चाय की दुकान चलाने वाला अजय चौधरी हाथ में पेट्रोल लेकर सैलून की तरफ जाता दिखाई दिया।

# स्मार्ट सिटी : नाम बड़े और दर्शन छोटे

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं करोड़ों की योजनाएं



**सतना।** कागजों पर 'स्मार्ट' बन रहे शहर की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए,लेकिन शहर की सूरत बदलने के बजाय और बदतर होती जा रही है। आज शहर के हर कोने में फिजूलखर्ची और भ्रष्टाचार की इबारत साफ देखी जा सकती है।






### उजड़ गए वर्टिकल गार्डन,गायब हुए अक्षर

शहर को सुंदर बनाने के लिए चौराहों पर लाखों की लागत से वर्टिकल गार्डन लगाए गए थे। उद्देश्य था हरियाली और आधुनिकता का प्रदर्शन,लेकिन रख-रखाव के अभाव में ये गार्डन अब बदहाली के प्रतीक बन चुके हैं। कहीं टाइल्स टूटी पड़ी हैं,तो कहीं गमले सूखकर कचरा हो गए हैं। आलम यह है कि दीवारों पर लिखे 'स्मार्ट सिटी' के अक्षरों का भी अता-पता नहीं है। यह केवल सौंदर्यीकरण का नुकसान नहीं,बल्कि सीधे तौर पर सरकारी धन की बर्बादी है।

### सिविल लाइन में कर्टन फाउंटेन या बीमारियों का घर?

भ्रष्टाचार का सबसे जीता-जागता उदाहरण सिविल लाइन चौराहा स्थित भरहुत होटल की दीवार पर बना कर्टन फाउंटेन है। जिस फाउंटेन को शहर की शान बढ़ाना था,वह आज बदबूदार पानी का टैंक बन चुका है। महीनों से भरे इस गंदे पानी से न केवल दुर्गंध उठ रही है,बल्कि यह डेंगू और मलेरिया जैसे मच्छरों की ब्रीडिंग ग्राउंड बन गया है। प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा यह 'शो-पीस' उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### ईदगाह चौक में खुला 'मौत का कुआँ' दे रहा हादसों को दावत

प्रशासनिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ईदगाह चौक पर देखने को मिल रही है,जहां पिछले 7 दिनों से एक बड़ा चैंबर खुला पड़ा है। न कोई ढक्कन,न बैरिकेडिंग और न ही कोई चेतावनी बोर्ड। व्यस्त सड़क होने के कारण यहाँ से रोज़ाना हज़ारों लोग और स्कूली बच्चे गुज़रते हैं। रात के अंधेरे में यह खुला चैंबर किसी 'मौत के कुएं' से कम नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतज़ार कर रहा है? क्या किसी की जान जाने के बाद ही अधिकारियों की नींद टूटेगी? अक्सर देखा गया है कि बड़े हादसों के बाद प्रशासन 'जांच के आदेश' देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है,लेकिन क्या वह जांच उन मासूम जिंदगियों को वापस ला पाएगी जो इन खुली लापरवाहियों का शिकार हो सकती हैं? जनता अब यह पूछ रही है कि करोड़ों के बजट वाली इस स्मार्ट सिटी में आखिर 'स्मार्ट' क्या है? सिर्फ भ्रष्टाचार के नए तरीके या फिर जनता की जान से खिलवाड़।

## नशे और हथियार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई एक आरोपी गिरफ्तार, गांजा और तलवार बरामद

**सतना।** शहर में अवैध नशे के कारोबार और अपराध पर लगाम कसने के लिए सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है,जिसके पास से भारी मात्रा में गांजा और धारदार हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए हैं।



### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेष सिंह बघेल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत,नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान व थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जवाहर नगर गली नंबर 01 में दबिश दी। पतेरी की ओर से आ रही एक सफेद रंग की स्कूटी को जब संदेह के आधार पर रोका गया,तो चालक स्कूटी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछे बैठे व्यक्ति को तत्परता से पकड़ लिया।

### गांजा, तलवार और अवैध शराब बरामद

पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सुमित चौधरी निवासी जबलपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से एक झोले में पैकेट बंद मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में सुमित ने फरार आरोपी का नाम जैकी उर्फ राहुल चौधरी निवासी जवाहर नगर बताया। पुलिस ने जब फरार आरोपी जैकी के घर पर दबिश दी,तो वहां से एक धारदार तलवार और आरोपी की पत्नी कंचन चौधरी के पास से 22 पाव अवैध देसी मसाला शराब बरामद की गई।

### दर्ज हुए तीन अलग-अलग मामले

पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरण दर्ज किए हैं। गांजा तस्करी अप.क्र. 48/26 धारा 8/21,20(बी) NDPS एक्ट। अवैध हथियार अप.क्र. 49/26 धारा 25(बी) आर्म्स एक्ट। अवैध शराब अप. क्र. 50/26 धारा 34(1) आबकारी एक्ट।

### आरोपी पहुंचा जेल, साथी की तलाश जारी

गिरफ्तार आरोपी सुमित चौधरी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी जैकी उर्फ राहुल चौधरी फिलहाल फरार है,जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस पूरी कार्रवाई में सउनि हेमराज सिंह,प्र.आर. राहुल सिंह, प्र.आर. सतेन्द्र सिंह, प्र.आर. वसीम मंसूरी और म.आर. प्रियंका मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

## बुजुर्ग महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस कर जानलेवा हमला कर लूटपाट, तीन आरोपी गिरफ्तार





### माधवगढ़ में सनसनीखेज वारदातः गांजा पीकर बनाई थी चोरी की योजना, पहचान उजागर होने पर महिला पर रॉड और चाकू से किया था हमला

**सतना।** कोलगवां थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए माधवगढ़ क्षेत्र में हुई सनसनीखेज लूट और जानलेवा हमले की वारदात का महज कुछ ही घंटों में पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जिन्होंने एक वृद्ध महिला को घर में अकेला पाकर उन पर घातक हमला किया और जेवरात लूट लिए।

### क्या था मामला?

नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताएं कि 9 जनवरी की सुबह फरियादी बृजकिशोर सोनी ने थाना कोलगवां में सूचना दी कि उनकी चाची देवमनी सोनी निवासी माधवगढ़ अपने घर में लहुलुहान और बेहोशी की हालत में पड़ी हैं। घर का सामान बिखरा हुआ था और उनके मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। अज्ञात आरोपियों ने सिर और चेहरे पर रॉड व चाकू से जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने तत्काल धारा 331(8) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### गांजा पीकर रची थी साजिश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुदीप सोनी की टीम ने संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने कबूल किया कि 8-9 जनवरी की दरमियानी रात मड़फा मंदिर के पास बैठकर गांजा पीते समय उन्होंने चोरी की योजना बनाई थी।

### पहचान छिपाने के लिए किया जानलेवा हमला

आरोपी उदय द्विवेदी के घर के सामने रहने वाली बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया गया। रात करीब 2 बजे आरोपी सरिया और चाकू लेकर घर में घुसे। आहट पाकर महिला जाग गई और उसने आरोपियों को पहचान लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने महिला पर ताबड़तोड़ वार किए और बेहोश होने पर सोने-चांदी के जेवरात मंगलसूत्र, पायल, बाज लूटकर फरार हो गए।

### पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

इंद्रजीत उर्फ छोटू चिकवा 21 वर्ष,निवासी माधवगढ़,उदय द्विवेदी 18 वर्ष,निवासी माधवगढ़ और प्रांशू उर्फ अल्लू चिकवा 19 वर्ष,निवासी माधवगढ़ है।इस अंधे कत्ल के प्रयास और लूट का खुलासा करने में कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी,उपनिरीक्षक अखिलेश्वर तिवारी,साइबर सेल से उप निरीक्षक अजीत सिंह सहित आरक्षक धर्मेंद्र गुर्जर,आकाश द्विवेदी,शिवम शुक्ला और समस्त टीम की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से लूटा गया मशरूका (माल) बरामद कर लिया है।

## जीएसटी का 'हंटर': पन्नीलाल चौक के ज्वेलर्स पर गिरी गाज, 51 लाख की वसूली से शहर में हड़कंप

सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पन्नीलाल चौक स्थित श्रीकृष्ण ज्वेलर्स और मां भगवती ज्वेलर्स के खिलाफ स्टेट जीएसटी की टीम ने तीन दिनों तक चली मैराथन जांच शुक्रवार को पूरी कर ली। टैक्स चोरी और हेरफेर के जाल में फंसे इन व्यापारियों से विभाग ने 51 लाख रुपए का अर्थदंड और टैक्स मौके पर ही वसूल किया है।



### एक ही परिसर,एक ही परिवार और टैक्स का बड़ा 'खेल'

जांच में यह बात सामने आई कि एक ही छत के नीचे संचालित हो रही इन दोनों फर्मों का मालिकाना हक एक ही परिवार के पास है। श्रीकृष्ण ज्वेलर्स का जिम्मा रोहित अग्रवाल संभालते हैं,तो वहीं मां भगवती ज्वेलर्स की प्रोपराइटर उनकी पत्नी हैं। विभाग की रडार पर आए इन व्यापारियों ने टर्नओवर में तो करोड़ों का आंकड़ा दिखाया,लेकिन सरकारी खजाने में टैक्स जमा करने के बजाय उसे कागजी दांव-पेच में उलझा दिया।

### करोड़ों की बिक्री, लेकिन टैक्स के नाम पर 'गोलमाल'

सूत्रों के मुताबिक,इन फर्मों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 5 से 6 करोड़ रुपए की भारी-भरकम बिक्री दिखाई है। चौंकाने वाली बात यह है कि व्यापारियों ने टैक्स की राशि नकद जमा करने के बजाय उसे इनपुट टैक्स क्रेडिट से सेटल करने का खेल रचा था। विभाग की पैनी नजर इसी 'सेटलमेंट' पर पड़ गई और सारा कच्चा चिट्ठा खुल गया।

### 12 अधिकारियों की टीम, 72 घंटे की घेराबंदी

बुधवार दोपहर 12:30 बजे जब असिस्टेंट कमिश्नर मनोरमा तिवारी और अमितसिंह पटेल के नेतृत्व में 12 से अधिक अधिकारियों ने दबिश दी,तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। तीन दिनों तक चले दस्तावेजों और स्टॉक के मिलान के बाद अंततः विभाग ने 51 लाख रुपए जमा करवाए।

## सीवरेज कार्यों में लापरवाह सिस्टम की भेंट चढ़ती जनता, जिम्मेदार मौन

### वीडियो ने खोली विभागीय भ्रष्टाचार की परतें, प्रभात द्विवेदी का तीखा हमला



**मैहर।** मैहर क्षेत्र में सामने आए ताजा वीडियो ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह नियमों,मानकों और जिम्मेदारियों को ताक पर रखकर सीवरेज कार्य किया जा रहा है और इसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस पूरे मामले पर कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का परिणाम है। जब जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंद लेते हैं तब ऐसे दृश्य सामने आते हैं। प्रभात द्विवेदी ने कहा कि वीडियो में जो स्थिति दिखाई दे रही है,वह यह साबित करने के लिए काफी है कि न तो निरीक्षण हो रहा है,न ही नियमों का पालन,और निचले से ऊपरी स्तर तक जवाबदेही पूरी तरह गायब है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विभागीय अधिकारी नियमित वेतन और सुविधाएं ले रहे हैं तो फिर जनता की सुरक्षा और सुविधाओं की अनदेखी क्यों की जा रही है? क्या यह सब बिना किसी मिलीभगत के संभव है? यह सवाल अब आम नागरिक भी पूंछ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए,दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो और जनता के साथ हुए अन्याय का तत्काल निराकरण किया जाए।प्रभात द्विवेदी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि समय रहते जिम्मेदारी तय नहीं की गई तो जनता के साथ मिलकर सड़क से सदन तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## हीटर से निकली चिंगारी बनी काल, ऑटो पार्ट्स की दुकान जलकर खाक; कर्मचारी झुलसा

**सतना।** जिले के जसो थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरेहा गांव में शुक्रवार दोपहर एक भीषण अग्निकांड हो गया। यहाँ एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस हादसे में दुकान के भीतर रखा लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर राख हो गया,वहीं आग बुझाने की कोशिश में दुकान का एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया है।

### बिजली कटने के बाद जलता रह गया था हीटर

जानकारी के अनुसार,दुरेहा निवासी व्यापारी विपिन सिंह की दुकान में ठंड से राहत के लिए रूम हीटर चल रहा था। इसी दौरान बिजली गुल हो गई और विपिन सिंह किसी काम से दुकान के बाहर चले गए। कुछ समय बाद जैसे ही बिजली वापस आई, हीटर स्वतः चालू हो गया। हीटर के पास ही कुछ कपड़े रखे थे,जिन्होंने तुरंत आग पकड़ ली। दुकान में लुब्रिकेंट्स और अन्य ज्वलनशील पदार्थ (ऑटो पार्ट्स) होने के कारण आग ने पल भर में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

### कर्मचारी ने दिखाई बहादुरी,लपटों में झुलसा

आग की लपटें उठती देख दुकान में मौजूद कर्मचारी ने जान की परवाह किए बिना उसे बुझाने का प्रयास किया।इस संघर्ष में वह बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया,जहाँ उसका इलाज जारी है।


### देरी से पहुंची दमकल, व्यापारी को लाखों की चपत

स्थानीयग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई थी,लेकिन दमकल वाहन काफी देरी से मौके पर पहुंचा। तब तक स्थानीय लोग और दुकानदार अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। बाद में दमकल कर्मियों और ग्रामीणों की संयुक्त मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित व्यापारी विपिन सिंह के अनुसार आगजनी में दुकान के अंदर रखा सारा स्टॉक जल गया है। इस घटना में लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जसो थाना पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी

ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं से लेकर कस्बा व नगरीय क्षेत्र के खिलाड़ियों को दिशा मिली वहीं इन्हीं में से पन्ना का नाम गौरवान्वित होगा

# खेलों को लेकर सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा व पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह की सोच से पन्ना में खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा स्वर्णिम समय

जिले में पन्ना विधायक जो स्वयं एक खिलाड़ी है। तभी तो अपने अनुभव से जहां खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक बेहतर दिषा प्रदान की है। वहीं जिले में खजुराहो सांसद ने विगत वर्ष से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जो आरंभ किया वहीं विगत कुछ समय पूर्व इस वर्ष भी सम्पन्न हुआ। सांसद व विधायक दोनों के प्रयासों से जहां खिलाड़यिों के लिए स्टेडियम की व्यवस्था वहीं खेलों में प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर जो मिला है वह निष्चितौर पर दोनों जनप्रतिनिधियों की रणनीति के तहत वहीं राजनेताओं को भी एक अच्छा मंच विगत कुछ दिनों से चर्चा में रहा।



**पन्ना**। राजनीति में युवा की ताकत व हौसला जरूरी है वहीं युवाओं को दिषा देने के लिए भी राजनेता की सोच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पन्ना जिला मुख्यालय में विगत वर्ष जहां सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जो यहां के लिए एक मिषाल बना था वहीं इस वर्ष भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कुछ दिनों पूर्व ही सम्पन्न हुआ। साथ ही पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जो स्वयं खिलाड़ी है आज भी व्यस्तता के बावजूद भी खेल खेलने के लिए जरूर जाने जाते है। जिसका परिणाम जहां जिला मुख्यालय में सोच के तहत अलग ही साबित हो रहा है ग्रामीण प्रतिभाओं को समूची विधानसभा से लेकर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कहीं न कहीं खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर तय हुआ। वहीं इन खेलों से यह भी देखने को मिला है कि एक तरफ खिलाड़यिों के लिए जहां दिषा मिली वहीं राजनेताओं के लिए एक मंच मिला। मीडिया जगत से लेकर सफाईकर्मी आज सभी का सम्मान साथ ही सभी नेताओं के लिए प्रतिदिन एक मंच में अवसर मिला। जिनकी ऊर्जा का संचार हुआ साथ ही युवाओं के लिए जिस तरह से खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है वहीं राजनेताओं के लिए भी युवाओं से जुड़ने का ये आयोजन बेहतर साबित हो रहे है। टीम भावना दोनों में लगती है राजनीति हो या फिर खेल। दोनों में खेल सोच के साथ आगे बढ़ाता है खिलाड़ी राजनीति में भी दावपेंच को लेकर जाने जाते है अपनों के बीच से मात देकर आगे सफलता साबित करने को लेकर वहीं टीम की मदद भी महत्वपूर्ण होती है साथ पन्ना जिले की बात करें तो सायद यह समय खेलों के लिए सांसद बी.डी. शर्मा तथा बृजेन्द्र प्रताप सिंह दोनों की सोच के चलते स्वर्णिम समय को लेकर जाना जायेगा।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों में घायलों को मिला तत्काल सहारा



पन्ना। देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में डायल-112 की त्वरित कार्रवाई ने घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर बड़ी अनहोनी को टाल दिया। पहली घटना कोढ़नपुरवा रोड की है, जहां गढ़ीपड़रिया निवासी सुनील कुशवाहा (उम्र 25 वर्ष), पिता रामरतन कुशवाहा, एक मोटरसाइकिल की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 के एफआरवी वाहन क्रमांक 09 पर तैनात प्रधान आरक्षक के.पी. सिंह यादव एवं पायलट नरेंद्र कुमार अहिरवार तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को सुरक्षित रूप से देवेंद्रनगर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार सुनील के पैर में गंभीर चोट आई है, जिनका उपचार किया जा रहा है। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। इस दुर्घटना में अजयगढ़ निवासी रामानुरागी (उम्र 19 वर्ष), पिता जयप्रकाश, द्वारा मोटरसाइकिल चलाते समय टक्कर होना बताया गया है। वहीं दूसरी घटना में भिलसाय निवासी विक्रम सिंह घोष, पिता श्रीराम घोष, को एक अज्ञात कार ने कट मार दिया, जिससे उन्हें भी पैर में चोट आई। डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए विक्रम सिंह को भी देवेंद्रनगर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। स्थानीय नागरिकों ने डायल-112 की त्वरित सेवा और एफआरवी टीम की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर पहुंची पुलिस सहायता ने घायलों को शीघ्र इलाज दिलाकर राहत प्रदान की।

### युवक की लाठी डंडों से पिटाई मामला दर्ज

**पवई**। थाना के ग्राम रेहुटा में आज फिर एक मार पिटाई का मामले सामने आया है जिसकी रिपोर्ट फरियादी राकेश कुशवाहा ने पवई पुलिस थाने में की है रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि जब कल सुबह में अपने घर के बाहर चबूतरे में बैठा था तभी मेरे पड़ोस के प्रेमलाल कुशवाहा अशोक कुशवाहा किशोरी कुशवाहा लीला कुशवाहा सभी लोग आए और उटपटांग बात करने लगे मैंने जब मना किया तो उन्होंने मेरी डंडे से पिटाई कर दी जिससे मेरे हाथ व पैर में चोटें आई हैं, पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है।

नाबालिक के साथ छेड़छाड़ का मामला

### अजयगढ़ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में किया पेश

**पन्ना**। थाना अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम देवगांव की घटना बताई जा रही है। जहां एक नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला अजयगढ़ थाने में घटित हुआ। जिसको लेकर अजयगढ़ पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफतार करते हुए पास्को एक्ट एवं छेड़छाड़ का मामला पंजीबद्ध करते हुए संबंधित आरोपी को माननीय न्यायालय में पेष किया गया। समाचार लिखे जाने तक यह जानकारी प्रकाष में आई माननीय न्यायालय से आरोपी जहां से जेल भेजे जाने की बात भी बताई जा रही है। गौरतलब बात तो यह है कि अब गांवों में भी कहीं न कहीं सुरक्षा को लेकर सर्तकता जरूरी है। कहां किस हालात की स्थिति तय हो जाये कुछ कह पाना कठिन। संबंधित आरोपी गांव में आता जाता था जिसने इस घटना को अंजाम देने का कार्य किया। पुलिस की तत्परता से कानून के तहत जहां कार्यवाही भी तय हो सकी।

किन्ना सरकार में किसानों की विशेष बैठक संपन्न

# महेवा में किसी भी कीमत पर नहीं लगेगी सीमेंट फैक्ट्री

### महिला, बच्चे सहित पैदल चलकर किसान सौंपेंगे ज्ञापन

**अमानगंज**। भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में किन्ना सरकार में क्षेत्रीय किसानों की एक विशाल बैठक संपन्न हुई,जिसमें मुख्य रूप से महेवा में ईको सीमेंट प्लांट के लिए भू अधिगृहण के शासन के द्वारा जो नोटिस बांटे गए। उसमें किसानों को चार लाख प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन की कीमत के विरोध में किसानों ने आज एक जुटता दिखाई। साथ ही आगामी आंदोलन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। किसानों का कहना कि आगे हम एक वृहद आंदोलन करेंगे, हम अपनी जमीन किसी भी कीमत पर सीमेंट प्लांट को नहीं देंगे। क्योंकि जमीन ही हमारी धरती मां है जो हमें और हमारे परिवार का उदर पोषण करती है उसे हम किसी भी कीमत पर इको प्लांट के लिए नहीं देंगे।



आगे की रूपरेखा में किसानों का कहना कि हम अपने पूरे परिवारों के साथ जिसमें महिलाएं बच्चे सभी शामिल होंगे और जाकर एसडीएम गुनौर को ज्ञापन देंगे। अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो विशाल अनशन कर धरने पर बैठेंगे। इस बैठक में 12 ग्राम के लगभग 300 किसान शामिल हुए जिसमें भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री लोकेंद्र सिंह, जिला युवा प्रमुख मुकेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, तहसील अध्यक्ष अमानगंज इंद्रजीत पटेल,सिमरिया तहसील अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल सहित सेकड़ों किसान सम्मिलित हुए।

## क्रिकेट मैच देखने जा रहे वृद्ध के साथ शराबी ने की मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज**। पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर फरियादी जगदीश पटेल पिता लीला पटेल उम्र 55 साल निवासी जसवंतपुरा ने जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आज दिनांक 10.01.26 को दोपहर करीब 02 बजे मैं अपने नाती पूर्वाश को साथ में लिवा कर क्रिकेट देखने जा रहा था जैसे ही मैं चन्द्रभान यादव के घर के सामने से निकला तो हमारे गांव का चन्द्रभान यादव पिता पहार यादव शराव पीये हुए था जो मुझे गाली देते हुए बोला कि कहाँ जा रहा है तो मैनें कहा भैया मुझे गाली क्यो दे रहे हो इतनें में हाथ में डण्डा लिए था जो मेरे मारा, जो मेरे दाहिने हाथ की गदेली के उपर लगा मैं चिल्लाया तो पप्पू पटेल आया और बीच बचाव किया चंद्रभान गाली देते हुए कह रहा था कि ज्यादा बढ गया है किसी दिन तूझे जान से मार कर खत्म कर दूंगा। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ की गदेली में सूजन है और दर्द हो रहा है फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351 (2) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पुत्र द्वारा माता-पिता से मारपीट व जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**अमानगंज**। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्होरी निवासी फरियादी महाराज सिंह राजपूत पिता स्वर्गीय रामदास सिंह राजपूत (उम्र 61 वर्ष) अपनी पत्नी उर्मिला बाई के साथ थाना अमानगंज उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि उनके तीन पुत्र थे, जिनमें से छोटे पुत्र रामजी राजपूत का पूर्व में निधन हो चुका है। शेष दो पुत्रोंकृबड़े पुत्र किशोर सिंह एवं मंझले पुत्र जितेन्द्र सिंह राजपूतकृके बीच लगभग 10 वर्ष पूर्व संपत्ति का बंटवारा कर दिया गया था। मंझला पुत्र जितेन्द्र सिंह राजपूत शराब पीने का आदी है और आए दिन शराब के नशे में गाली-गलौच करता रहता है। फरियादी के अनुसार दिनांक 09 जनवरी 2026 की रात्रि लगभग 10 बजे जितेन्द्र सिंह शराब के नशे में उनके घर के दरवाजे पर आया और घर खाली करने की बात कहने लगा। फरियादी द्वारा यह कहने पर कि दोनों के मकान अलग-अलग हैं, आरोपी और उग्र हो गया। इस दौरान आरोपी ने फरियादी की पत्नी उर्मिला बाई के बाल पकड़कर घसीटा तथा लात-घूंसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए फरियादी, उनकी पुत्री विनिता बाई एवं नाती शैलेन्द्र सिंह राजपूत पर भी आरोपी ने डंडे से हमला किया। डंडा फरियादी के बाएं हाथ की छोटी उंगली के ऊपर कलाई (गदेली) में लगा, जिससे उन्हें चोट आई। मारपीट के दौरान उर्मिला बाई के सिर एवं पीठ में भी चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि घर नहीं छोड़ा तो सभी को खत्म कर देगा। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल का किया शुभारंभ





**पन्ना**। जिले का मडला गांव जहां अपने आप में पर्यटक गांव से लेकर अब लोकल फॉर बोकल को लेकर जहां अपनी छवि स्वयं ही जिला प्रषासन के मार्गदर्षन में तय करने को लेकर जाना जा रहा है। इस गांव में जहां अब बेरोजगारी को दूर करने को लेकर भी युवाओं व महिलाओं की सोच कहीं न कहीं गांव की कहानी सफलता को लेकर कई मायने से तस्वीर आज जहां मिलेट्स फूड फेस्टिवल की सफलता को लेकर भी कहीं न कहीं प्रेरणादायी माना जा रहा है।

पन्ना। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना एवं छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में पन्ना नेशनल पार्क के मड़ला प्रवेश द्वार पर सात दिवसीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने शनिवार को फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर मिलेट्स फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर लगाए गए फूड एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के 14 स्टॉल का निरीक्षण कर स्वसहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और इस आयोजन को सराहनीय बताया। समूह की महिलाओं द्वारा राज्य मंत्री श्री उईके को हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों और बाजार में इनके विक्रय की कार्ययोजना के संबंध में अवगत कराया तथा आजीविका संबंधी गतिविधियों की जानकारी भी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि एक स्थल पर समस्त उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय से स्थानीयजनों सहित पर्यटकों को भी सुविधा मिली है। वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर शुद्ध खाद्य पदार्थ व उत्पादों के विक्रय से समूह की महिलाएं आार्थिक रूप से सशक्त होंगी। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही महिलाओं द्वारा स्थानीय खाद्य उत्पादों की टोकरी भी भेंट की गई। राज्य मंत्री श्री उईके खजुराहो से सड़क मार्ग द्वारा दोपहर मड़ला पहुंचे। इस अवसर पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायक पन्ना एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, विधायक राजनगर अरविन्द पटेरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, सतानंद गौतम, कलेक्टर ऊषा परमार, आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रमोद शुक्ला, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह ने भी मिलेट्स फेस्टिवल में सहभागिता की।

### देशी भोजन एवं पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ-

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल के लोकार्पण पश्चात जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ देशी भोजन एवं पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान महिलाओं के कौशल की प्रशंसा भी की तथा उपस्थितजनों से भी स्वसहायता समूह की महिलाओं के उत्साहवर्धन की अपील की। फूड फेस्टिवल में स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा श्रीअन्न जैसे कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अलसी सहित विभिन्न जैविक उत्पादों व उनसे बने स्वादिष्ट फूड आईटम्स का विक्रय किया जा रहा है। इसमें पन्ना जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई है। यहां विशेष रूप से बुंदेली व्यंजनों के स्टॉल पर पर्यटकों द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई। इससे आजीविका मिशन के सभी स्टॉल पर अच्छी बिक्री भी दर्ज की गई। नेशनल पार्क भ्रमण पर आए पर्यटकों द्वारा भी मिलेट्स फूड फेस्टिवल की सराहना की गई। यह फेस्टिवल 15 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा।

पन्ना में खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनाएं

# खेल प्रेमियों के लिए विधायक कप एक अच्छा अवसर-बीडी शर्मा

खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन देखकर निश्चित ही पन्ना के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक जाएंगे-शशांक सिंह



### पन्ना को खेल प्रेमियों को समस्त सुविधाएं देने का प्रयास करूंगा-बृजेंद्र प्रताप सिंह

**पन्ना**। विधायक कप का भव्य समापन छत्रसाल स्टेडियम में हजारों खेल प्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री दुर्गा दास विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेटर शशांक सिंह कार्यक्रम के अध्यक्षता लोकप्रिय सांसद बीडी शर्मा तथा कार्यक्रम के संयोजक के रूप में बृजेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन निश्चित हि यहां के खिलाड़ियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री दुर्गा दास जी ने कहा की निश्चित ही पन्ना में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है आज उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर लगता है कि इनमें से अधिकांश खिलाड़ी राज्य और नेशनल की शोभा बढ़ाएंगे। इन खिलाड़ियों के आगे बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मैं दोबारा पन्ना आने की इच्छा रखता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खजुराहो लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्री बी डी शर्मा ने कहा कि अभी भी सांसद खेल महोत्सव संपन्न हुआ इसके बाद विधायक कप का समापन है हमारे द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी तथा तथा इनको उचित मंच प्रदान करने के लिए सरकार के द्वारा सभी प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रिकेटर शशांक सिंह ने कहा की निश्चित ही राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसी तरह के मैदान में खेले हैं धीरे-धीरे कोई भी खिलाड़ी जिला स्तर से संभाग स्तर संभाग स्तर से राज्य स्तर से नेशनल स्तर पर जाता है और इन सब को आगे बढ़ने के लिए नींव जरूरत पड़ती है। और मैं आप लोगों के सामने गर्व से कह सकता हूं कि आपके विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह आपको आगे बढ़ाने के लिए नींव का काम कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र का विकास और खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल होगा। विधायक कप के समापन अवसर पर विधायक ब्रिजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कि हम आगे भी ऐसे आयोजन करवाते रहेंगे जिससे खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन हो पाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के अवसर हमारे द्वारा प्रदान किए जाएंगे और और इनमें से उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हमारे द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। क्रिकेट टूर्नामेंट के परिणाम पन्ना सिटी-2 ने 17 रनों से जीतकर विधायक कप 2026 का खिताब किया अपने नाम' नज़रबाग स्टेडियम, पन्ना में आज प्रातः आयोजित 'विधायक कप 2026 (फाइनल मुकाबला)' में पन्ना सिटी-2 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पन्ना ग्रामीण-1 को '17 रनों' से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पन्ना सिटी-2 की टीम ने निर्धारित '15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 98 रन' बनाए। टीम की ओर से 'विक्रम' ने 28 गेंदों में 23 रन, 'रितिक' ने 17 गेंदों में 19 रन तथा 'शुभम शर्मा (गोलू शर्मा)' ने 11 गेंदों में तेज़तर्रार 18 रनों का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में 'गुड्डू' ने नाबाद 17 रन बनाकर स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुँचाया। पन्ना ग्रामीणदृ1 की ओर से 'चंदन सिंह यादव' ने बेहतरीन गेंदबाज़ी करते हुए मात्र 12 रन देकर '4 विकेट' झटके। 98 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पन्ना ग्रामीण-1 की टीम शुरुआत से ही दबाव में नज़र आई और पूरी टीम '15 ओवर में 7 विकेट पर 81 रन' ही बना सकी। टीम की ओर से 'मनु' ने 14 गेंदों में 24 रन और 'राहुल' ने 15 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। पन्ना सिटी-2 की ओर से 'गुलाम मोइन' ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए '4 विकेट, जबकि ''अब्दुल शमी' और 'शुभम शर्मा' ने महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। इस प्रकार पन्ना सिटी-2 ने फाइनल मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए '17 रनों से जीत' दर्ज की और विधायक कप 2026 की विजेता बनी। मैच के समापन पर खिलाड़ियों, आयोजकों एवं दर्शकों ने विजेता टीम को बधाई दी और खेल भावना की सराहना की।



### जंगली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पहुंचा प्रशासन, कटहरी गांव के 20 घर ध्वस्त

**पन्ना**। केन–बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कटहरी में आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम पन्ना, तहसीलदार पन्ना के नेतृत्व में तथा जिले के कई थानों के भारी पुलिस बल की मौजूदगी में आदिवासी परिवारों के करीब 20 घरों को विस्थापन के नाम पर गिरा दिया गया।

जंगली और दुर्गम क्षेत्र में सुबह से ही प्रशासनिक अमला पहुंच गया। कार्रवाई के दौरान कई बार विवाद और तनाव की स्थिति बनी, लेकिन पुलिस बल की तैनाती के चलते हालात पर नियंत्रण रखा गया। प्रभावित परिवारों का कहना था कि उन्हें पर्याप्त पुनर्वास नहीं मिला, जबकि प्रशासन का दावा है कि विस्थापन को लेकर कई बार नोटिस दिए जा चुके थे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों को एक नहीं बल्कि कई बार विस्थापन के लिए सूचित किया गया, लेकिन तय समय सीमा में स्थान खाली नहीं किया गया, जिसके चलते मजबूरी में यह अभियान चलाना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई परियोजना के लिए चिन्हित भूमि को खाली कराने के उद्देश्य से की गई है।

कार्रवाई के बाद गांव में डर और आक्रोश का माहौल देखा गया। विस्थापित आदिवासी परिवारों ने पुनर्वास, मुआवजे और वैकल्पिक आवास की मांग उठाई है। वहीं प्रशासन का कहना है कि आगे की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने निर्धारित मानकों के विपरीत 5 मॉडिफाइड साइलेंसर बरामद निकलवाए



**छतरपुर।** शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण करने वाले एवं अन्य चालकों का ध्यान भंग कर दुर्घटना की संभावना बढ़ाने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग की जा रही है। वर्ष 2025 में 200 से अधिक साइलेंसरों कीमत 10 लाख रुपए से अधिक को बरामद किया गया था। जिनके विनष्टीकरण की कार्यवाही तीन चरणों में संपन्न हुई थी। शनिवार को अपोलो मार्केट के पास एवं बस स्टैंड में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत एवं पुलिस टीम द्वारा 5 रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल को रोक कर चेक किया गया, अवैध ध्वनि प्रदूषक मोडिफाइड साइलेंसर मिलने पर विधिवत कार्यवाही की गई।

### नपाध्यक्ष ने पचेर घाट फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण



**छतरपुर।** शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने पचेर घाट स्थित वाटर सप्लाई फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल शुद्धिकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली एवं पानी की गुणवत्ता जांच टेस्टिंग की प्रक्रिया को देखा। नपाध्यक्ष ने प्लांट में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन एवं एलम की निर्धारित मात्रा डाले जाने की स्थिति की जांच की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं मानक अनुसार पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने फिल्टर प्लांट परिसर की साफ-सफाई, पौधारोपण अधिक कर सौंदर्यीकरण, आवश्यक मरम्मत व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए स्टाफ को स्वच्छता बनाए रखने एवं उपकरणों के नियमित रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद धीरज गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि सुनील वर्मा, इंजीनियर गोकुल प्रजापति फिल्टर प्लांट के ऑपरेटर एवं ठेकेदार इंजीनियर विवेकानंद पांडेय संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री तथा खजुराहो सांसद रहे उपस्थित

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर में हुई पूजा अर्चना

**खजुराहो। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में, जो महमूद गजनवी द्वारा 1026 ई. में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने और मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने की स्मृति में मनाया जा रहा है, खजुराहो के प्रसिद्ध मतंगेश्वर महादेव मंदिर में आज विधिवत पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार एवं ओम नमः शिवाय के जाप के साथ विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष आह्वान पर पूरे देश के शिवालयों में आयोजित किया जा रहा है। 11 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी स्वयं सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। दोनों नेताओं ने पूजा-अर्चना में भाग लिया और भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष आह्वान पर यह आयोजन देश के विभिन्न शिवालयों में हो रहा है। रविवार को प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर में पूजा



करेंगे। आज खजुराहो आकर मतंगेश्वर महादेव की पूजा करके मैं स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। खजुराहो सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा, महमूद गजनवी द्वारा 1026 में सोमनाथ मंदिर पर किया गया आक्रमण देश की आस्था, संस्कृति और धरोहर पर हमला था। लगभग 1000 वर्ष बाद प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को सोमनाथ में पूजा होगी। इसी क्रम में आज खजुराहो के इस शिवालय में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय का जाप कर भाग लिया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शशांक सिंह भी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा, मैं यहां तीसरी बार आया हूँ, लेकिन आज के इस विशेष अवसर पर आकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। कार्यक्रम में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, पन्ना भाजपा जिला अध्यक्ष डब्बू मिश्रा, नगर परिषद खजुराहो अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, सतानंद गौतम, मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चंदला में सड़क चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों में आक्रोश, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**चंदला।** चंदला नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने के साथ ही एमपीआरटीसी द्वारा बछौन से चंदपुरा तक लगभग 35 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण और नगर में चौड़ीकरण के काम को लेकर स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें मुख्य सड़क के कितने मीटर चौड़ीकरण की सही जानकारी नहीं दी गई है, जिससे उनकी आजीविका पर गहरा संकट मंडरा रहा है।

नगर परिषद ने हाल ही में दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर संचालित होने वाली दुकानों को नोटिस जारी कर खुद सामान हटाने या विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इस पर प्रतिक्रिया स्वरूप शुक्रवार शाम को नगर के सैकड़ों व्यापारी एकजुट हुए। उन्होंने पहले नगर में मुनादी करवाई और फिर वैश्य धर्मशाला में शाम 8 बजे बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि सबसे पहले नगर में रिंग रोड का पेंटिंग एवं निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उसके बाद ही मुख्य सड़क का चौड़ीकरण हो। व्यापारियों का कहना है कि यदि निर्माण कंपनी मनमानी से काम करती है तो वे बेरोजगार हो जाएंगे और सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

शनिवार को व्यापारियों ने चंदला तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर के अधिकांश व्यापारी छोटी-मोटी दुकानें चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और उनके पास कोई अन्य भूमि या संसाधन नहीं है। यदि मुख्य सड़क का अत्यधिक चौड़ीकरण किया गया तो वे बेरोजगार हो जाएंगे।

व्यापारियों ने मांग की है कि पूर्व में स्वीकृत बछौन तिराहा से बायपास रोड का निर्माण तुरंत शुरू किया जाए, ताकि भारी वाहनों की आवाजाही बायपास से हो और मुख्य सड़क को सीमित चौड़ा ही रखा जाए। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### मुड़ेरी प्रीमियर लीग का रोमांचक समापन

## चंदला टीम ने 6 विकेट से जीतकर उठाया खिताब

**छतरपुर। श्रीनंदेश्वर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में ग्राम पंचायत मुड़ेरी में पिछले 15 दिनों से चल रही मुड़ेरी प्रीमियर लीग का आज फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा। फाइनल में चंदला टीम ने कटहरा टीम को 6 विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट की विजेता टीम बनकर इतिहास रचा।**

यह मैच गांव के मैदान पर भारी उत्साह के बीच खेला गया, जहां दोनों टीमों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, लेकिन चंदला टीम की बेहतरीन रणनीति और टीमवर्क ने अंततः जीत दिलाई। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए समर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, जबकि पूरी लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ओम दत्त शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को नकद ईनामी राशि के साथ-साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों और दर्शकों ने इस जीत का जमकर जश्न मनाया। टूर्नामेंट के आयोजक ब्रह्म अवध कांत गर्ग, संयोजक मुकेश शुक्ला, संजय सिंह दादू शुक्ला, राजेंद्र सिंह, नरेश गर्ग, विकास तोमर, अशोक बाजपेई, विकास



तिवारी, सलीम खान, रोहित सिंह एवं समिति के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को शानदार ढंग से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कांत उर्फ पप्पू गर्ग ने कहा, खेल युवाओं को ऊर्जा प्रदान करता है और उन्हें स्वस्थ रखता है। अगले वर्ष और भी बेहतर व्यवस्थाओं के साथ यह क्रिकेट आयोजन जारी रहेगा।

## फैकल्टी एवं स्टाफ का मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण संपन्न



### शा.कन्या पी.जी. महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**छतरपुर।** शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय छतरपुर में एनटीएफ समिति द्वारा 10 जनवरी 2026 को महाविद्यालय परिसर में विषय फैकल्टी एवं स्टाफ का मानसिक स्वास्थ्य, पर एक दिवसीय कार्यशाला से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.एच.डी. अहिरवार द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक महाविद्यालय एनटीएफ काउंसलर संतोष कुमार गंगेले कर्मयोगी रहे। जिन्होंने महाविद्यालय परिसर के फैकल्टी एवं स्टाफ को अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा कर मानसिक स्वस्थ रहने पर जोर देने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. दीक्षित द्वारा वर्तमान समय में मानसिक तनाव के कारण एवं प्रभावों पर चर्चा करते हुए सही संगति रखने पर जोर दिया। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बी.के. प्रजापति द्वारा दृष्टि से सृष्टि निर्माण होने की बात कही। जैसी हमारी दृष्टि होगी वैसी ही हम अपनी सृष्टि का निर्माण करेंगे। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकांत अवस्थी द्वारा कार्यशाला में स्थाई सुख प्राप्त करने की बात कही। उनके द्वारा कहा गया कि किस प्रकार हम मानसिक तनाव से गुजरते हैं कार्य स्थल पर और उस मानसिक तनाव से निकालने के लिए हमें अपने पसंदीदा कार्य जैसे योग, खेलकूद, गायन, चित्रकला आदि पर ध्यान देना चाहिए। जो हमें मानसिक तनाव से निकलने में बहुत उपयोगी हो सकते हैं। प्रशिक्षण में मॉडल कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनीता नापित ने भी अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि परिवार एवं कार्य स्थल पर सहयोग की भावना से हम किसी भी मानसिक तनाव से उभर सकते हैं। प्रशिक्षण में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नीरज निरंजन, एनटीएफ नोडल अधिकारी द्वारा किया गया।

# समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकस्वाहा की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन

### भारत सरकार के कायाकल्प मापदंडों पर परखी गईं स्वास्थ्य सेवाएं

**बकस्वाहा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकस्वाहा में शनिवार को कायाकल्प पियर एसेसमेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान मूल्यांकनकर्ता के रूप में डॉ. शोभित तिवारी एवं नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्मी लोधी ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित कायाकल्प मापदंड सूची के अनुसार अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं का गहन और तथ्यात्मक आकलन किया। यह एसेसमेंट खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम असाटी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मूल्यांकन के दौरान ओपीडी व आईपीडी सेवाएं, बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, दवा



भंडारण, रिकॉर्ड संधारण, संक्रमण नियंत्रण, वार्ड प्रबंधन, शौचालयों की स्थिति तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता जैसे सभी निर्धारित बिंदुओं पर बारीकी से निरीक्षण किया गया। कई मानकों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, वहीं कुछ बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता भी स्पष्ट रूप से चिन्हित की गई। डॉ. शोभित तिवारी ने अच्छी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कमियों पर वस्तुनिष्ठ सुझाव दिए। नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्मी लोधी ने नर्सिंग सेवाओं, मरीज देखभाल और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष फोकस किया। एसेसमेंट के दौरान लगभग सभी स्टाफ ने अपनी जिम्मेदारियों से संबंधित जानकारी के साथ प्रस्तुतीकरण दिया।इस अवसर पर लेखापाल दीपक बाल्मीकि, बीसीएम वीरेन्द्र अग्रवाल, लेब टेक्नीशियन कमलेश रैकवार, गुड्डा अहिरवार, लक्ष्मी पटेल सहित सीएचसी बकस्वाहा का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम असाटी ने बताया कि प्राप्त सुझावों के आधार पर शीघ्र सुधारात्मक कार्य किए जाएंगे, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# आज हिंदी भाषा की वैश्विक स्थिति सम्मानीय और प्रगतिवान है - डॉ.बृजेन्द्र सिंह गौतम

### विश्व हिंदी दिवस पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

**छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में मानवीकि एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विश्व पटल पर हिंदी भाषा की उपयोगिता शीर्षक पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम विशिष्ट अतिथि कुलगुरु डॉ. अमित कुमार जैन कुलसचिव डॉ.दिगंत द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर एवं मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दी भारत की राजभाषा है। विश्व स्तर पर हिन्दी की अस्मिता बनी हुई है। हिन्दी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पंहुचने के लिए अनेक संघर्ष करने पड़े है। जिसके बाद हिन्दी विश्व स्तर पर अपनी भूमिका बना पाई है। यूं तो भारत में लगभग 22 भाषाएं बोली जाती है। लेकिन इनमें से हिन्दी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा के रूप में सामने आई। आज हिंदी भाषा की वैश्विक स्थिति सम्मानीय और प्रगतिवान है। भाषा से संस्कृति और संस्कृति से समाज का निर्माण होता है।

विशिष्ट वक्ता कुलगुरु डॉ अमित कुमार जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे लिये गर्व की बात है कि आज विदेशों में चालीस से अधिक देशों के 600 से अधिक विश्वविद्यालय और स्कूलों में हिन्दी विशेष रूप से पढाई जा रही है। हिंदी भाषा वैश्विक पटल पर भी तकनीक और डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में विस्तार और बड़े बाजार की अनंत संभावनाएं समेटे हुए है। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। व्यवहारिक दृष्टि से हिन्दी में सरलता, बोधसुलभता, सुचारुता अधिक है।

कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी ने कहा कि ऐसे कई देश हैं जो भारतीय संस्कृति से प्रभावित है। इन प्रवासी भारतीयों ने विदेशों मे हिन्दी के प्रचार-प्रसार में महती भूमिका निभाई है। वर्तमान में हिन्दी भाषा को जानने, समझने और सिखने वालों की संख्या देखकर ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिन्दी का प्रचलन किस तरह से बढ़ रहा है। भाषा वैज्ञानिकों का मत है कि भाषा का प्रयोग अपने परिवेश, स्थिति तथा संदर्भ के अनुसार करता है।

हिंदी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व बाजार को संपूर्ण अभिव्यक्ति देने के कार्य में हिन्दी ने अपनी अभिसारी शैली को ओर अधिक व्यापक कर दिया इस व्यापकता में उसके रूप स्वरूप में अनेक परिवर्तन आये है। इस परिवर्तन पर नित प्रति आलोचना, प्रशंसा, बहस होती रहती है। फिर भी हिन्दी अपनी प्रयोगधर्मिता का गुण बढाते हुए आज वैश्विक स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह भाषा हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है।

शिक्षा संकाय के प्राध्यापक डॉ. संजय द्विवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में अपना अस्तित्व बनाने में समय लगा पर आज़ वह विश्व पटल पर कीर्तिमान स्थापित कर रही है। राजनीति विज्ञान के सहा.प्राध्यापक विजय चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक देश की मूल भाषाओं का प्रभाव हिन्दी पर पड़ रहा है। इसलिए विश्वस्तर पर हिन्दी के नए-नए रूप विकसित हो रहे है। इतिहास विषय के सहा.प्राध्यापक इतिहास बृजेश तिवारी ने कहा कि भारत में हिन्दी भाषा का स्वरूप चाहे जैसा भी हो परन्तु विश्व स्तर पर अपना अस्तित्व बनाने में हिन्दी कामयाब भाषा सिद्ध हुई है। राजनीति विज्ञान की सहा.प्राध्यापक रीना शर्मा ने काव्य पाठ्य द्वारा हिंदी की महत्ता को बताया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विषय की सहा. प्राध्यापक वंदना शुक्ला ने एवं आभार हिंदी विषय की सहा. प्राध्यापक खुशबू चौहान ने व्यक्त किया। इस व्याख्यानमाला में विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिपं सीईओ ने लवकुश नगर एवं गौरिहार जनपद पंचायतों में योजनाओं की समीक्षा की, निर्देश जारी

**छतरपुर।** जिला पंचायत छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायत लवकुशनगर एवं गौरिहार में अलग-अलग समीक्षा बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, एक बगिया मां के नाम योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

### जनपद पंचायत लवकुशनगर में आयोजित बैठक



शुक्रवार को जनपद पंचायत लवकुशनगर के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक ली गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत ई-केवाईसी प्रगति, एक बगिया मां के नाम योजना, परिसंपत्तियों की जियोटैगिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास पूर्णता, आवास प्लस सर्वे सत्यापन, समग्र ई-केवाईसी, जल गंगा संवर्धन अभियान, बिजली बिलों के लंबित देयक आदि की गहन समीक्षा की गई।

सीईओ ने 60 प्रतिशत से कम ई-केवाईसी प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के वेतन रोकने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, 20 से कम परिसंपत्तियों की जियोटैगिंग करने वाले सचिवों का वेतन भी रोके जाने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना में न्यून प्रगति पर ग्राम पंचायत कटहरा, प्रतापपुरा, ब्यासबदौरा, लबरहा एवं लुधगांय के सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद सीईओ ने ग्राम पंचायत खपटया का दौरा किया, जहां उन्होंने गौशाला, हिरिया कुशवाहा (पति किशोरी कुशवाहा) की एक बगिया मां के नाम योजना वाली बगिया तथा पुस्तकालय का निरीक्षण किया और उपस्थित सरपंच, सचिव एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जनपद पंचायत गौरिहार में समीक्षा बैठक



दूसरी बैठक जनपद पंचायत गौरिहार में आयोजित की गई, जिसमें समस्त 73 ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों एवं जनपद अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति रही। यहां मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत राज योजनाओं सहित अन्य विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा हुई। सीईओ ने एक बगिया मां के नाम योजना में नियमानुसार कार्य कराने एवं हितग्राहियों को सामग्री भुगतान कराने, जल गंगा अभियान के अपूर्ण कार्यों को पूरा करने, मनरेगा मजदूरों एवं गर्भवती महिलाओं की समग्र ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोडने के लिए भी सचिवों-रोजगार सहायकों को निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### एक्शन में सीएमओ, 15 दिन के अंदर क्लिनिक नर्सिंग होम का कराएं रजिस्ट्रेशन वरना होगी कार्यवाही



**रीवा।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के लिए नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओ) डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने पदभार ग्रहण करते ही सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि नियमों का पालन करने वालों को ही काम करने की अनुमति मिलेगी, जबकि लापरवाही और अव्यवस्थाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. त्रिपाठी ने अपना पहला आदेश जारी करते हुए जिले के सभी निजी क्लिनिक एवं नर्सिंग होम संचालकों को 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन नहीं कराने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश से निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मच गया है।जवा और सिरमौर सीएचसी का औचक निरीक्षण शुक्रवार को सीएमओ डॉ. त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जवा एवं सिरमौर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की कई कमियां सामने आईं, जिस पर उन्होंने तत्काल सुधार के सख्त निर्देश दिए। सीएमओ ने वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण काउंटर, पैथोलॉजी लैब, महिला एवं पुरुष वार्ड सहित पूरे अस्पताल परिसर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने इलाज के लिए आए मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय परामर्श की गुणवत्ता, जांच सुविधाओं तथा स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। कई स्थानों पर मिली खामियों को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई।दवाओं और उपकरणों की भी हुई समीक्षाडॉ. त्रिपाठी ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता, मरीज पंजीकरण प्रणाली और अभिलेखों के संधारण की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि दवाओं की कमी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी आवश्यक उपकरण सुचारु रूप से कार्यशील स्थिति में रहें।उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए कहा कि अस्पताल आने वाला हर मरीज सम्मान और स्वच्छ वातावरण का हकदार है। मरीजों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और अन्य सुविधाएं तत्काल बेहतर की जाएं।

# रेत माफिया के आगे प्रशासन पस्त, रोजाना हो रही 100 ट्रैक्टर बालू की निकासी
## नाव और मेड पंप लगाकर पानी के अंदर से खींचते हैं रेत, परिवहन में लगे हैं दर्जनों ट्रैक्टर

रीवा।

रीवा में बेलन और टमस नदियों से अवैध रेत निकासी का खेल जारी है, जिस पर प्रशासन और पुलिस मिलकर कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन माफियाओं की सक्रियता और नेटवर्क के कारण यह समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रही है। त्योंथर और जवा तहसील की जीवन रेखा कहलाने वाली बेलन और टमस नदियों से अवैध रेत निकासी का कारोबार एक बार फिर से चरम सीमा पर पहुंच गया है। खनिज और पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते खनन माफिया नाव और मड पंप लगाकर पानी के अंदर से खुलेआम बालू खींचकर किनारे लाते हैं। और फिर ट्रैक्टर ट्राली में परिवहन कर बेच रहे हैं। दोनों नदियों से रोजाना 100 ट्रैक्टर बालू की निकासी हो रही है। खास बात यह है कि खनन माफिया यह सब दिन दहाड़े कर रहे हैं और उनके सामने प्रशासन पस्त नजर आ रहा है। अकेले बेलन नदी में ही एक दर्जन स्थानों पर यह कारोबार चल रहा है। कमोवेश यही स्थिति टमस नदी की माफिया ने कर डाली है। त्योंथर तहसील मुख्यालय से करीब 500 मीटर दूरी पर टमस के घाट से सर्वाधिक रेत निकाली जा रही है। बताया जाता है कि यूपी के बरोंधा बांध से निकलने वाली बेलन नदी के एमपी में प्रवेश करने के स्थान से लेकर चाकघाट गरगटा में टमस में समाहित होने तक बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बेलन नदी के दोनो किनारों पर बरसात में भारी मात्रा में रेत जमा होती है, जिसका फायदा वहां सक्रिय माफिया सालों से उदा रहे हैं।इन स्थानों से निकाली जा रही है रेतजानकारी के अनुसार बेलन नदी का सीना चीरकर रेत कारोबार में लगे खनन माफिया बेखौफ होकर कारोबार संचालित करने बकायदा ठीहा बना लिए हैं। बताया जाता है कि बसहट, बजरा, बांस, गंधाघाट, मझिगवां, कठौली, कैथा, पुरवा मनीराम, डीह-अमिलिया घाट, पड़री, चिल्ला, अमाव और गरगटा में बेलन के दोनो तटों पर दिन-रात रेत निकालने





का काम चल रहा है। वहां से आने वाली तस्वीरें हालात बयां करती हैं। बताया जाता है कि कारोबारी 2 से 3 हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर ट्राली खुलेआम रेत बेंच रहे है। विडंबना की बात तो यह है कि नदियों के वजूद को मिटाने पर आमादा माफिया से खानिज रायल्टी के रूप में कुछ भी नहीं मिल रहा है।रवनन माफिया का अवैध कारोबारपश्चिमांचल में बहने वाली टमस नदी भी खनन माफिया के अवैध कारोबार का हिस्सा बनकर रह गई है। सूत्र बताते है कि पहाड़ी क्षेत्र से निकलने के बाद पटेहरा से लेकर राजापुर तक टमस में कई स्थानों पर अवैध रेत खनन चल रहा है। बताया जाता है कि रेत कारोबारी कई घाटों में नाव पर मड पंप लगाकर उससे पानी के अंदर की रेत खींचकर किनारे जमा करते हैं। टमस के जोन्हा, गोहटा, जवा, सितलहा, बरांव सांतीतीर, भुनगांव बाबूपुर से त्योंथर नदी घाट, राजापुर, अंजोरा, पडिवार गावों के पास यह कारोबार कई सालों से खुलआम चल रहा है। दोनो नदियों के क्षेत्र सोहागी, जवा और चाकघाट थाना में पड़ते हैं, लेकिन पुलिस कभी भी इस अवैध कारोबार पर ध्यान नहीं देती। जहां तक खनिज विभाग की बात है तो दोनों नदियों तक खनिज अमला पहुंच ही नहीं पा रहा है।खाना पूर्ति तक प्रशासनिक कार्रवाईबेलन और टमस नदियों में अवैध रेत निकासी का कारोबार एक बड़ी समस्या है. जहाँ प्रशासन लगातार छापेमारी कर रहा है, लेकिन माफिया पूरी तरह रोक नहीं पा रहे। खनिज विभाग और पुलिस कई बार ट्रैक्टरों और जब्त रेत के साथ कार्रवाई करते हैं, फिर भी यह धंधा जारी है, जिससे राजस्व को नुकसान हो रहा है और वैध व्यापारियों का काम भी प्रभावित हो रहा है। टमस नदी के त्योंथर क्षेत्र और बेलन नदी में अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है, जिसे रोकने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीमें दबिश देती हैं। खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमों ने कई बार छापेमारी कर अवैध रूप से भरी रेत और ट्रैक्टरों को जब्त किया है। पुलिस के आने की भनक लगते ही रेत तस्कर भाग जाते हैं, और कई बार तो वैध वाहनों पर भी कार्रवाई की जाती है, जबकि अवैध वाहन खुलेआम चलते हैं, जैसा कि माइनिंग मिनरल ट्रक एसोसिएशन ने प्रशासन को दी चेतावनी में बताया गया है।

# संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक
## संकल्प से समाधान अभियान में हर पात्र हितग्राही होगा लाभान्वित

**रीवा ।** आमजनता की समस्याओं को हल करने तथा विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि रीवा संभाग के सभी जिलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान चार चरणों में चलेगा। अभियान के प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारी तैनात रहेगा। सभी आवेदन पत्रों को नोडल अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराया जाएगा।

कमिश्नर ने बताया कि अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलेगा। इस चरण में ग्राम पंचायतों के क्लस्टर और नगरीय निकायों में शिविर लगाकर आमजनता को आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। निराकरण की जानकारी पोर्टल पर भी दर्ज की जाएगी। अभियान का तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण में ग्राम पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्र के वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के चौथे चरण में 26 मार्च से 31 मार्च तक जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में शिविर आयोजित करके पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा। कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर 12 जनवरी के पहले नोडल अधिकारियों की तैनाती करके शिविरों के आयोजन का तिथिवार कार्यक्रम तैयार कर दें। इससे जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर अभियान के प्रथम दिन से ही आवेदन पत्रों का ऑनलाइन दर्ज करना सुनिश्चित कराएं। शिविरों की तिथियों का निर्धारण करके स्थानीय स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार कराएं। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इसका प्रचार-प्रसार कराएं जिससे अधिक से अधिक हितग्राही शिविरों का लाभ उठा सकें। विकासखण्ड स्तर तथा जिला स्तर पर आवेदन पत्रों के पोर्टल पर दर्ज करने के लिए टीम तैनात करें। जिला स्तर से शिविरों की मॉनीटरिंग के लिए अधिकारी तैनात करें। संकल्प से समाधान अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। पूरे अभियान की मॉनीटरिंग तथा सम्पूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना से उन्नत डेयरी स्थापित करने का अवसर

रीवा ।

शासन द्वारा दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया है। पशु चिकित्सा सेवायें विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश के मूल निवासी सभी वर्ग के पशुपालकों को उन्नत डेयरी स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है।

इस संबंध में संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल ने बताया कि डेयरी स्थापित करने के लिए हितग्राही के पास कम से कम 3.5 एकड़ स्वयं की भूमि होना आवश्यक है। एक हितग्राही अधिकतम आठ इकाईयाँ इस योजना से स्थापित कर सकता है। एक इकाई में गौवंशीय अथवा भैंस वंशीय 25 दुधारू पशु दिए जाते हैं। एक इकाई में सभी पशुओं का एक ही नस्ल का होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने के लिए पशुपालन विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी डीएएच डॉट जीओभी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। संयुक्त संचालक ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में एक हितग्राही एक आवेदन पर एक से अधिक डेयरी इकाईयाँ स्थापित कर सकता है। आवेदक को किसी भी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना में हितग्राही के रूप में चयन होने पर पशुपालक को निर्धारित शासकीय प्रशिक्षण संस्थान अथवा महाविद्यालय में पशुपालन का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। योजना की प्रत्येक इकाई के लिए देशी गाय की नस्ल में 36 लाख रुपए तथा शंकर गाय अथवा भैंस के लिए 42 लाख रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। योजना में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को परियोजना लागत की 33 प्रतिशत राशि का अनुदान लाभ दिया जाएगा। अन्य श्रेणी के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत अनुदान लाभ मिलेगा। योजना का क्रियान्वयन बैंकों के माध्यम से किया जाएगा। पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ के अनुसार आवेदन के क्रम में हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ संयुक्त संचालक पशुपालन कार्यालय चिरहुला से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती हैं।

# निराश्रितों को दिया जा रहा है समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ

**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गरीब निराश्रितों को समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। योजना के तहत पात्र हितग्राही को हर महीने 600 रुपए की राशि दी जा रही है। योजना के संबंध में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना का लाभ 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रित वृद्धजनों तथा 18 वर्ष से अधिक आयु की विधवा महिलाओं को दिया जाता है। विधवा महिला को इस योजना का लाभ दिया जाता है जो आयकरदाता न हो। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार की 18 से 59 साल की परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ दिया जाता है। योजना के लिए 50 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी अविवाहित महिलाएं भी पात्र हैं जो आयकरदाता न हों। इसी तरह 6 वर्ष से अधिक आयु के 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता वाले दिव्यांगों को भी इस योजना का लाभ दिया जाता है। दिव्यांग को आयकरदाता नहीं होना चाहिए। वृद्धाश्रम में रहने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रितों को भी किसी अन्य योजना का लाभ न मिलने पर इस योजना का लाभ दिया जाता है। संयुक्त संचालक ने बताया कि समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक ग्राम पंचायत अथवा जनपद पंचायत में आवेदन कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र के आवेदक नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ बीपीएल कार्ड, निराश्रित अथवा आयकरदाता न होने का प्रमाण पत्र, आयु संबंधी प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगजनों के लिए निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड देना आवश्यक है। इसके साथ-साथ आवेदक को पासपोर्ट आकार की तीन फोटो, आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक के पहले पेज की छायाप्रति भी देना आवश्यक है। पेंशन का भुगतान हर माह बैंक खाते में किया जाता है

# 90 साल के रिटायर्ड पटवारी की संपत्ति बंटवारे के विवाद में पुत्र ने किया जानलेवा हमला

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा गांव में शुक्रवार देर शाम एक पारिवारिक विवाद ने सनसनीखेज रूप ले लिया। 90 वर्षीय रिटायर्ड पटवारी पर उनके ही पुत्र ने संपत्ति बंटवारे के विवाद में जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलपरा निवासी रामरतन वर्मा (90) शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त पटवारी हैं। उनकी तीन पत्नियां हैं, जिन्हें उन्होंने एक ही परिसर में रखा हुआ है, हालांकि तीनों के रहने के लिए अलग-अलग दरवाजे और आंगन बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि परिवार में लंबे समय से संपत्ति के बंटवारे को लेकर तनाव चल रहा था। शुक्रवार की देर शाम इसी मुद्दे को लेकर घर में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। आरोप है कि तीसरी पत्नी के पुत्र महेंद्र वर्मा ने विवाद के दौरान अपने पिता रामरतन वर्मा पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार सदस्यों ने बताया कि विवाद के दौरान बुजुर्ग पिता ने गुस्से में आरोपी



युवक को अपना पुत्र मानने से इनकार कर दिया था। इसी बात से आक्रोशित होकर महेंद्र ने हमला कर दिया। घायल अवस्था में रामरतन वर्मा को तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया कि मामले में आरोपी पुत्र महेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं घायल बुजुर्ग का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# जल सुनवाई के माध्यम से पेयजल से जुड़ी समस्याओं का निदान करें - मुख्यमंत्री

**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता को साफ और शुद्ध पेयजल देना हमारी प्रतिबद्धता है। पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई कराएं। प्रदेश भर में 10 जनवरी से 28 फरवरी तक तथा 1 मार्च से 31 मार्च तक दो चरणों में पानी की स्वच्छता और गुणवत्ता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान हर पेयजल स्रोत तथा हैंडपंप के पानी की जांच कराएं। पानी की पाइपलाइन में लीकेज की समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करें। विभाग द्वारा जारी जल रेखा ऐप का उपयोग करके पाइपलाइन के लीकेज की जांच कराएं। प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में हर मंगलवार को जल सुनवाई का आयोजन करके आम जनता की पेयजल संबंधी समस्याओं का




निदान करें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की नल जल योजनाओं के माध्यम से दिए जाने वाले पानी की उपभोक्ता के घर जाकर टेस्टिंग करें। किट के माध्यम से भी पानी की गुणवत्ता की जांच कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 मई तक चलाये जाने वाले जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जल सुनवाई अभियान से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दें। आम जनता को भी इस अभियान से जोड़ें। आम जनता को हर हाल में साफ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं। पानी की आपूर्ति की सतत निगरानी की व्यवस्था करें। बैठक में अभियान के संबंध में बिदुवार जानकारी दी गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, उपायुक्त एलआर अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केंद्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, प्रभारी आयुक्त नगर निगम मेहताब सिंह गुर्जर, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगर परिषदों के अध्यक्ष तथा सीएमओ और अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# कलेक्टर ने मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करने के दिए निर्देश



**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में मतदाता सूची में लॉजिकल त्रुटियों के निराकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कहा कि सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक और नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर बीएलओ के माध्यम से दो दिवस में मतदाता सूची की सभी तार्किक विसंगतियों को दूर करें। बीएलओ ऐप के माध्यम से नो-मैपिंग डेटा और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। मतदाताओं से प्राप्त होने वाले सभी दावा-आपत्तियों का तत्काल डिजिटाइजेशन करें।

कार्य की गंभीरता को देखते हुए इसे समय-सीमा में पूर्ण करना अनिवार्य है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छूटे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम इसमें शामिल न हो। यदि मैदानी स्तर पर डेटा सुधार या ऐप संचालन में कोई तकनीकी बाधा आती है तो वे तुरंत जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त करें। बैठक में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एपी द्विवेदी, सभी एसडीएम, तहसीलदार और नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों, वृद्धजनों और विधवाओं को दिया जा रहा है पेंशन योजना का लाभ

**रीवा ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों, पात्र वृद्धजनों और विधवा महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन के तहत पात्र 18 से 79 वर्ष आयु के दिव्यांगजनों को 600 रुपए हर माह दिए जाते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांग का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस योजना का लाभ 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक दिव्यांगता होने पर ही दिया जाता है। आवेदक दिव्यांग का नाम समग्र पोर्टल पर दर्ज होना आवश्यक है। पात्र दिव्यांग योजना का लाभ उठाने के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के तीन फोटो देना आवश्यक होगा। पेंशन का भुगतान हर माह बैंक खाते के माध्यम से किया जाता है।संयुक्त संचालक ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के मूल निवासी 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को योजना के तहत हर माह 600 रुपए दिए जाते हैं। आवेदक का गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार का सदस्य होना तथा समग्र पोर्टल में नाम दर्ज होना आवश्यक है। आवेदक योजना का लाभ उठाने के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के तीन फोटो देना आवश्यक होगा। पेंशन का भुगतान हर माह बैंक खाते के माध्यम से किया जाता है। संयुक्त संचालक ने बताया कि कल्याणी महिलाओं को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 600 रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाती है।

आवेदिका का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदिका की आयु 40 से 79 वर्ष के बीच होना चाहिए। योजना का लाभ केवल बीपीएल परिवार की विधवा महिलाओं को ही दिया जाता है। योजना की राशि का भुगतान हितग्राही के बैंक खाते में किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में आवेदन कर सकते हैं। आयु प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के तीन फोटो देना आवश्यक होगा। पेंशन का भुगतान हर माह बैंक खाते के माध्यम से किया जाता है।

# एक दिन में 15 लीकेज सुधार, 3 टंकियों की सफाई निगम के जल प्रदाय की टास्क फोर्स टीम की त्वरित कार्रवाई, शहर में लीकेज सुधार और टंकियों की सफाई जारी



**रीवा।** शहर में निर्बाध एवं सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम रीवा की जल प्रदाय टीम द्वारा जलआपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज जलप्रदाय अमले द्वारा कुल 15 लीकेज चिन्हित कर त्वरित रूप से सुधार कार्य किया गया। आज जिन क्षेत्रों में लीकेज अटेंड करते हुए सुधार कराया गया, उनमें ताला हाउस, बोदाबाग, संजय नगर, पीएम आवास बिछिया, जॉन टावर, अमहिया सहित एपीएस कैंपस स्थान शामिल हैं। संबंधित टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन रिपेयरिंग एवं आवश्यक सुधार कार्य करते हुए लीकेज सुधार कर जल आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य किया गया। इसके साथ ही आज 3 उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई कराई गई, जिनमें पड़रा टंकी, विंध्य विहार एवं पीटीएस शामिल हैं। टंकियों की सफाई के दौरान आवश्यक मार्किंग भी की गई, ताकि भविष्य में सफाई की निगरानी प्रभावी रूप से की जा सके। इसके अतिरिक्त, जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु टेस्ट ट्यूब एवं टीडीएस मीटर के माध्यम से सभी वार्डों से कलेक्ट किए गए जल नमूनों का भौतिक एवं रासायनिक परीक्षण किया जा रहा है, जिसमें जांच संतोषजनक पाई गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि जल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत निगम को सूचित करें, ताकि समय पर निराकरण किया जा सके।

**CHANGE OF NAME**

I hitherto known as **Rajesh Kumar Tiwari S/O: Rambahor Tiwari**, R/O ward no 18, road, Borbel, teliya mahatman, Kailashpur, Rewa, Madhya Pradesh -486335, have change my name and shall hereafter be known as **Rambhajan.**